**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**

**दिसंबर, 2020 के महीने का सारांश**

दिसंबर, 2020 के महीने की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:

1. **संकल्प परियोजना के चरण 2 का शुभारंभ:** संकल्प परियोजना के चरण-I के समापन और चरण-II वाराणसी और चंदौली के 2-2 जिलों में"पंचायत की विकासात्मक गतिविधियों में कौशल प्रमाणित श्रमिकों की भागीदारी" को प्रारम्भ करने के लिए एक आभासी समारोह आयोजित किया गया था। माननीय मंत्री, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, माननीय पंचायती राज मंत्री, उत्तर प्रदेश और श्री कपिल देव अग्रवाल, माननीय मंत्री व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश इस समारोह में विशिष्ट अतिथि थे। माननीय मंत्री, एमएसडीई ने वाराणसी और चंदौली में प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की और प्रमाणपत्र वितरित किए।

2. **विद्युत क्षेत्र परिषद के उत्कृष्ठता केंद्र का उद्घाटन:**फ्रांस सरकार की सहायता से राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान में स्थापित किए जा रहे विद्युत क्षेत्र कौशल परिषद के उत्कृष्ठता केंद्र का माननीय राज्य मंत्री, एमएसडीई ने 18 दिसंबर को उद्घाटन किया।

3. **एनसीवीईटी के तहत एनएसक्यूसी की बैठक**: राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) की राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की चौथी बैठक 24 दिसंबर, 2020 को सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें 73 अर्हताओं को अनुमोदित और 11 अर्हताओं को सशर्त अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही अब तक कुल 4,095 अर्हताओं को एनएसक्यूएफ के के साथ संरेखित किया जा चुका है।

4. **NCVET की चयन समिति की बैठक:** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के अध्यक्ष और कार्यकारी सदस्यों के पदों के लिए उम्मीदवारों का चुनाव करने के लिए चयन समिति की उप-समिति की दिनांक 16 दिसंबर, 2020 को बैठक आयोजित की गई थी। समिति ने अध्यक्ष पद के लिए तीन व्यक्तियों और कार्यकारी सदस्यों के दो पदों के लिए छह व्यक्तियों का चुनाव किया।

5. **पीएमकेवीवाई की संचालन समिति की बैठक**: पीएमकेवीवाई की संचालन समिति की बैठक 18 दिसंबर को सचिव की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कार्यक्रम के महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गए।

6. **एसआईडीएसी,ओडिशाकी उत्कृष्टता केंद्र के रूप में अधिसूचना**: कला और शिल्प के विकास के लिए राज्य संस्थान (एसआईडीएसी), ओडिशा को देश में कौशल ईकोसिस्टम के क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र के

रूप में घोषित कराते हुए, भारत के राजपत्र में दिनांक 10.12.2020 को राजपत्र अधिसूचना प्रकाशित की गई।

7. **एनसीवीईटी में अवार्डिंग निकायों की मान्यता के लिए कार्यशाला**: निकायों को मान्यता प्रदान करने के लिए एनसीवीईटी द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं से सभी हितधारकों को परिचित कराने के लिए चार सलाहकारी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। 28 केंद्रीय मंत्रालयों और 24 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को क्रमशः 10.12.2020, 17.12.2020 और 18.12.2020 को आमंत्रित किया गया था। इसके अलावा, कौशल ईकोसिस्टम में दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन सहित विविध पहलुओं पर विस्तृत प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए 72 अवार्डिंग निकायों,जिनमें क्षेत्र कौशल परिषदें, केंद्रीय मंत्रालय(संस्थानों और विभागों सहित),राज्य सरकारेंऔर कौशल विश्वविद्यालय शामिल हैं,के साथ 29.12.2020 को एक "विचार-विमर्श कार्यशाला", आयोजित की गई थी।

8. **आईआईएस, मुंबई के प्रथम बैच का उद्घाटन**: माननीय मंत्री (एसडीई) ने 25 दिसंबर 2020 को वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस), मुंबई के पहले बैच का उद्घाटन किया।

9. **मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण:**आईटीआई में मिश्रित प्रशिक्षण के लिए धीरे-धीरे बदलाव के निर्णय को लागू करने की दिशा में एक कदम के रूप में, आईटीआई के 456 मास्टर प्रशिक्षकों को दिसंबर, 2020 माह में प्रशिक्षित किया गया है। अब तक आईटीआई/एनएसटीआई के कुल1391 मास्टर प्रशिक्षकों को पूरे देश में ऑनलाइन मिश्रित शिक्षण प्रशिक्षण को दोहराने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

10. **सीआईटीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश:**जिन उम्मीदवारों ने अखिल भारतीय समान प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी-सीआईटीएस 2020 ) उत्तीर्ण कर ली है उनकी शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) 2020-21 में प्रवेशके लिए केंद्रीकृत काउंसलिंग चल रही है और लगभग 70% उम्मीदवारों के प्रवेश सफलतापूर्वक पूरे हो गए हैं। शेष प्रवेश परामर्श के तीसरे दौर के माध्यम से जनवरी 2020 के पहले सप्ताह में किए जाएंगे।

11. **एनएसटीआईमें सीटीएस स्कीमों में प्रवेश:** राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) में 2020-21 सत्रके लिए शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के लिए केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया (पहली बार) दिसंबर महीने में शुरू की गई थी।

12. **नौसेना पोत मरम्मत यार्ड (कोच्चि) के साथ समझौता ज्ञापन**: 258 विषयों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नौसेना पोत मरम्मत यार्ड (कोच्चि) और प्रशिक्षण महानिदेशालय(डीजीटी), एमएसडीईके बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

13. **मॉडल आईटीआई स्कीम का एसएफसी:**मॉडल आईटीआई स्कीम के लिए एक एसएफसीकी बैठक दिनांक 30.12.2020 को आयोजित की गई थी, जिसमें स्कीम की लागत में वृद्धि किए बिना इस योजना को 2024 तक बढ़ाया गया था और इसके कुछ मापदंडों को संशोधित किया गया था।

14. **डीजीटी, माइक्रोसॉफ्टऔर नेस्कोमके बीच त्रिपक्षीय एमओयू:**डीजीटीने डिजिटल कौशलीकरण के लिए माइक्रोसॉफ्ट और नेस्कोम फाउंडेशन के साथ एक त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम के तहत माइक्रोसॉफ्ट और नेस्कोम कोपा व्यापार के लिए एक मिश्रित शिक्षण पाठ्यक्रम तैयार और विकसित करने में डीजीटीकी सहायता करेंगे। इसके अलावा, वे नए विकसित डिजिटाइज्ड ब्लेंडेड कंटेंट पर एनएसटीआई और आईटीआई में प्रशिक्षकों/संकायों की क्षमता निर्माण के लिए संकाय विकास कार्यक्रम के साथ-साथ भावी कौशल का भी संचालन करेंगे।

15. **आईटीआई के लिए पूर्व प्लेसमेंटपोर्टल का विकास:** आईटीआई छात्रों के पूर्व -प्लेसमेंट के लिए एक पोर्टल विकसित किया जा रहा है, जो नामित आरएमओ (रोज़गार मेला आयोजकों) को ई-रोजगार मेला आयोजित करने में सक्षम बनाता है। पंजीकृत प्रतिष्ठान रोज़गार मेलों में भाग ले सकेंगे और अपनी रिक्तियों को दर्ज़कर सकेंगे तथा आवश्यक योग्यता वाले उम्मीदवारों की खोज कर सकेंगे। इस पोर्टल को प्रारम्भ कर दिया गया है और प्रशिक्षण (एनएसटीआईके साथ 02 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं) चल रहा है।

16. **एआई में प्रशिक्षण**: प्रमुख एआईकौशल में 5-दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण एसएससी-नैसकॉम के माध्यम से सीओपीए, आईओटी और संबद्ध ट्रेडों के छात्रों के लिए 14-19 दिसंबर, 2020 तक आयोजित किया गया था। नैसकॉम – माइक्रोसॉफ्ट एआई कक्षा श्रृंखला को औद्योगिक विशेषज्ञों के माध्यम से एआई, एमएलऔर डेटा विज्ञान विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

17. **इग्नाइट कार्यकम का शुभारंभ**: जीआईज़ेडऔर सीमेंसने डीजीटीके साथ चुनिंदा राज्य स्तर पर कौशल इकोसिस्टम के सुधार के लिए इग्नाइट कार्यकम प्रारम्भ किया।

18. **डेनमार्क के राजदूतके साथ बैठक:**डेनमार्क के महामहिम राजदूत के साथ एक आभासी बैठक हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच कौशल पर आगे सहयोग के लिए किए जाने वाले उपायों चर्चा की गई।

19. **मंत्रिमंडल सचिव द्वारा बैठक**: मंत्रिमंडल सचिव द्वारा 3 दिसंबर को एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उन्होंने आजादी के 75 वें वर्ष के लिए बजट भाषण 2015 में घोषित लक्ष्यों/उद्देश्यों की समीक्षा की।

20. **सदस्य नीति अयोग द्वारा बैठक**: डॉ. वी के सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग द्वारा केंद्रीय कौशल स्कीमों के अभिसरण तथा केंद्रीय और राज्य कौशल स्कीमों के आंकड़ों का मिलान करने के संबंध में 4 दिसंबर को एक आभासी बैठक आयोजित की गई थी।

21. **सीआईआई वैश्विक सम्मेलन में भाग लेना:**9 दिसंबर को कौशल विकास 2020 पर हुए 9 वें सीआईआई वैश्विक सम्मेलन में"काम का भविष्य–वैश्विक प्रतिस्पर्धी कुशल कार्यबल का सृजन" विषय पर एक आभासी उद्घाटन भाषण दिया।

*******